कार्यालय – जिला कार्यक्रम अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांक स्था-1891 /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 07-10-2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/59–1–2022–2/1(22)10टी0सी0 दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बुलन्दशहर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रियों के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत हैः–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों विवरण
1	अगौता	ग्रामीण	09
2	अनूपशहर	ग्रामीण	31
3	अरनिया	ग्रामीण	32
4	बी0बी0 नगर	ग्रामीण	12
5	बुलन्दशहर	शहरी	84
6	दानपुर	ग्रामीण	09
7	डिबाई	ग्रामीण	08
8	गुलावठी	ग्रामीण	22
9	जहांगीराबाद	ग्रामीण	30
10	खुर्जा	ग्रामीण	62
11	लखावटी	ग्रामीण	14
12	पहासू	ग्रामीण	20
13	शिकारपुर	ग्रामीण	28
14	सिकन्द्राबाद	ग्रामीण	23
15	स्याना	ग्रामीण	16
16	ऊँचागॉव	ग्रामीण	10
	योग		410

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/ वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई हैं। साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड हैं।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1– विज्ञप्ति पदो पर केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।

2– रिक्त पदों (आंगनवाडी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।

3– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य हैं।

4– आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि (01 जुलाई 2024) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35

वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

5—विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही कियें जायेगें। दिनांक 07.10.2024 से उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हैं।

6—विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 27.10.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

7— उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध हैं। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

भवदीया

(दीप्ति त्रिपाठी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बुलन्दशहर

पृष्ठांकन सं0 /तद्दिनांक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषितः—

1— निदेशक, महोदय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।

2— जिलाधिकारी, महोदय बुलन्दशहर।

3— मुख्य विकास अधिकारी, महोदय बुलन्दशहर।

4— समस्त उपजिलाधिकारी, बुलन्दशहर को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

5— समस्त सदस्यगण चयन समिति, बुलन्दशहर।

6— समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बुलन्दशहर को इस आशय से प्रेषित हैं कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

7— समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी, बुलन्दशहर को इस निर्देश के साथ प्रेषित हैं कि सूचना/विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।

8— जिला सूचना अधिकारी, बुलन्दशहर को इस आशय से प्रेषित हैं कि उक्त विज्ञापन/विज्ञप्ति को न्यूनतम स्पेस में शासकीय दरो पर दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं अमर उजाला समाचार पत्रो के अगले अंक में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बुलन्दशहर